उदास माता पिता के चेहरे पर गोरखपुर यातायात पुलिस ने लौटाई मुस्कान

⇨ चार दिनों से घर की तलाश में भटक रहा था मासूम,यातायात पुलिस ने भोजन करवाया अपनो जैसा प्यार दिया

⇨ यातायात पुलिस के जवान मानवीय मूल्यों में अपना दे रहे है अहम योगदान- डॉ महेंद्र पाल सिंह (एसपी ट्रैफिक)

अवध नगरी ब्यूरो गोरखपुर। पुलिस का नाम जब भी जुबान पर आता है तो बड़े बड़े अपराधी और माफिया कापने लगते है एक तरफ जहां पुलिस अपराधियों के लिए काल बन जाती है वही दूसरी तरफ पुलिस आमजन की हर संभव मदद करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है सीएम सिटी की यातायात पुलिस की कमान जब से पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ महेंद्र पाल सिंह ने संभाली है तब से लेकर अब तक जहां यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने में काफी हद तक कामयाब रही है वही आमजनमानस की मदद करने में भी यातायात पुलिस का सराहनीय कार्य शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है लोग सोचने पर आज मजबूर हो गए है कि यातायात पुलिस मानवीय मूल्यों की कद्र अपनो से बढ़ कर कर रही है ताजा मामला महराजगंज जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के मौलागंज निवासी संतराज कहार का 11 वर्षीय पुत्र चार दिन पहले अपने मामा के लड़के अनिल कहार के साथ नौकायन घूमने आया था दोनो बालक घूमते घूमते नौकायन पर बिछड़ गए थे। बिछड़ा हुआ बालक चार दिनों से भूखा प्यासा इधर उधर भटकता रहा चार दिन के बाद वो बालक गोरखपुर विश्विद्यालय गेट पर पहुचा जहां पर यातायात पुलिस के आरक्षी राज किशोर से मुलाकात हुए आरक्षी राजकिशोर ने नगर निगम में बने आईटीएमएस को बालक की सूचना दिया आईटीएमएस में कार्यरत आरक्षी नौशाद अहमद और महिला आरक्षी रितिक ने दो घंटे पूरे जनपद में अनाउंसमेंट करवाया लेकिन बालक की तलाश करने कोई नही आया फिर आईटीएमएस स्टाफ ने पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ महेंद्र पाल सिंह को बालक की पूरी सूचना दिया एसपी ट्रैफिक ने किसी तरह ये पता लगवा लिया कि बालक महराजगंज जनपद का है फिर महराजगंज जनपद की पुलिस की मदद से पीआरवी की पुलिस बालक के घर पहुच गई और बालक की पूरी जानकारी परिजनों को दिया परिजन बिना देर किए गोरखपुर आ गए और अपने बालक को पाकर खुशी से झूम उठे बालक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक यातायात और आईटीएमएस के स्टाफ को अपनी दुआओं से नवाजा वही एसपी ट्रैफिक ने यातायात पुलिस के जवानों के सराहनीय कार्य की तारीफ किया।